अमर उजाला 20/09/2023

जीएमएन कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान

स्वच्छता रैली निकालते महाविद्यालय के छात्र। संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज द्वारा प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन तथा राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसएस नैन और डॉ. राकेश कुमार, संयोजक स्वच्छ भारत अभियान के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया। इसमें एनसीसी, एसडीजी, आश्रय फाउंडेशन और स्वच्छ भारत अभियान के स्वयं सेवकों ने स्वेच्छा से भाग लिया। इस अवसर पर डॉ सरोज बाला, डॉ केके पूनिया और डॉ तृप्ति शर्मा उपस्थित रहे। इसके बाद कॉलेज के गणित विभाग की ओर से मैथमेटिकल सॉफ्टवेयर्स इन रिसर्च का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम कॉलेज के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के सहयोग से मिलकर किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय सोलन से गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। गणित विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पिंकी व मुख्य वक्ता द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।